**विधान परिषद के तृतीय सत्र–2022 के प्रथम मंगलवार हेतु निर्धारित श्री भीमराव अम्बेडकर, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या–01 का उत्तर**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| **1(क)–** क्या समाज कल्याण मंत्री बतायेंगे कि ग्राम–गजराजखेड़ा, पो0–सन्दाना, ब्लाक–हिलौली, तह0–पुरवा, जनपद–उन्नाव में पुरानी वृद्धावस्था पेंशन आवेदन संख्या–313112064731, 313111870751 व 31311039694 की माह जून/ जुलाई, वर्ष 2022 में पेंशन रोक दी गयी थी? | ग्राम–गजराजखेड़ा, पो0–सन्दाना, ब्लाक–हिलौली, तह0–पुरवा, जनपद–उन्नाव के आवेदन संख्या–313112064731 श्रीमती प्रतिमा, पत्नी श्री गोमती को दिनांक 23.11.2022 को एवं आवेदन–पत्र संख्या–313111870751 श्रीमती केसरिया, पत्नी (स्व0) कल्लू सिंह की वृद्धावस्था पेंशन इनके बैंक खाते में दिनांक 19.10.2022 को अंतरित की जा चुकी है व आवेदन–पत्र संख्या–31311039694 श्री गंगा सेवक, पुत्र श्री भवानी का पेंशन डाटा पेंशन भुगतान हेतु पी.एफ.एम.एस. पोर्टल पर अग्रसारित कर दिया गया है। |
| **(ख)** यदि हां, तो उक्त पेंशन रोके जाने के क्या कारण हैं? | पेंशन रोकी नहीं गई है। |
| **(ग)** उक्त पेंशन को आवेदनकर्ताओं के खाते में भेजते हुए भुगतान का विवरण सदन की मेज पर रखेंगे? | आवेदन पत्र संख्या–313112064731 श्रीमती प्रतिमा, पत्नी श्री गोमती की पेंशन जुलाई, 2022 से सितम्बर, 2022 तक धनराशि रू0 3000/– इनके खाते में दिनांक 23.11.2022 को अंतरित की जा चुकी है तथा अप्रैल, 2022 से जून, 2022 तक भुगतान की कार्यवाही की जा रही है व आवेदन–पत्र संख्या– 313111870751 श्रीमती केसरिया, पत्नी (स्व0) कल्लू सिंह की वृद्धावस्था पेंशन अप्रैल, 2022 से सितम्बर, 2022 तक धनराशि रू0 6000/– इनके खाते में दिनांक 19.10.2022 को अंतरित की जा चुकी है। श्री गंगा सेवक, पुत्र श्री भवानी का पेंशन डाटा पेंशन भुगतान हेतु पी.एफ.एम.एस. पोर्टल पर अग्रसारित कर दिया गया है। |
| **(घ)** यदि नहीं, तो क्यों? | प्रश्न नहीं उठता। |

**असीम अरूण**
**राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**